काठमांडू एयरपोर्ट पर नकली नोटों की खेप पकड़े जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट

हिंदी न्यूज़| उत्तर प्रदेश| गोरखपुर

Publish Date:Tue, 28 May 2019 10:07 AM (IST)

गोरखपुर, नवनीत प्रकाश त्रिपाठी। पाक खुफिया एजेंसी आइएसआइ, भारत में बड़े पैमाने पर जाली नोट उतारने की फिराक में है। काठमांडू में दो हजार की जाली नोट की बड़ी खेप के साथ एक महिला व पांच युवकों के पकड़े जाने के बाद इस साजिश का पता चला है। पूछताछ में पाकिस्तानी एजेंसी के भारत से लगने वाली नेपाल में विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर जाली भारतीय मुद्रा स्टोर किए जाने का भी पता चला है। भारतीय खुफिया एजेंसियों से इस संबंध में रिपोर्ट मिलने के बाद शासन ने अलर्ट घोषित करते हुए सीमावर्ती इलाकों की पुलिस व सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

बीते शुक्रवार को काठमांडू में त्रिभुवन एयरपोर्ट पर एक महिला सहित पांच पाकिस्तानी नागरिकों को दो सूटकेस में रखे तीन करोड़ रुपये की नकली भारतीय नोट की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया था। आरोपितों की पहचान युनूस अंसारी, मोहम्मद अजतार, नादिया खातून, मोहम्मद अनवर व अतहर के रूप में हुई। नेपाली अधिकारियों को आरोपितों ने बताया है कि पाक सेना के एक कर्नल ने कराची में नकली नोट की खेप उन्हें नेपाल पहुंचाने के लिए दी थी। यह खेप नेपाल के ही ठमेल शहर में स्थित एक होटल में मौजूद व्यक्ति को देनी थी।

पूछताछ करने पहुंची भारतीय खुफिया एजेंसियों की टीम

भारतीय खुफिया एजेंसियों की एक टीम शनिवार को काठमांडू पहुंच गई। आरोपितों से यह टीम पूछताछ करने के लिए नेपाली अधिकारियों से बातचीत कर रही है।

नेपाल में भारतीय मुद्रा का चलन बनी चुनौती

काठमांडू के साथ ही पोखरा सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर भी भारतीय मुद्रा आसानी से चल जाती है। इसी का लाभ लेकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ने जाली भारतीय मुद्रा बाजार में उतारने की योजना बनाई है।

सीमावर्ती पुलिस सतर्क

एडीजी जोन गोरखपुर दावा शेरपा ने कहा कि नेपाल में नकली भारतीय मुद्रा पकड़े जाने के बाद सीमावर्ती पुलिस व अन्य एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। सीमा पार से आने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है।

Posted By: **Pradeep Srivastava**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/gorakhpur-city-alerts-on-indo-nepal-border-after-capture-of-counterfeit-notes-19259240.html